हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



# नए मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य, जिम्मेदार हर दिन की दें रिपोर्ट

## ई आफिस प्रणाली, वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण, सिटी डेवलपमेंट प्लान को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें वृक्षारोपण, ई-आफिस प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की प्रगति, सिटी डेवलपमेंट प्लान, आगामी माह से रजत जयंती महोत्सव, मौसमी बिमारियों के नियंत्रण, जलकर वसूली, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशे के खिलाफ मुहिम, अतिक्रमण एवं कलेक्टर टी.एल. सहित जनदर्शन जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

निगम आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व के जमीन में सागौन, महोगनी जैसे कीमती पौधों का वृहद रोपण कराये जाने के संबंध में चर्चा की गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करना है।

इसके लिए मकान मालिको एवं दुकान संचालकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए प्रेरित करना है। चयनित एजेंसियों से प्रति दिवस की प्रगति दें। जोन 1, जोन 2 एवं भवन अनुज्ञा शाखा में किये गये निविदा अनुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किये हैं । सिटी डेवलपमेंट प्लांन में शामिल कार्यो को वेब साइट में अपलोड कर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों से सुझाव ले।

### जल कर वसूली में है कमी

निगम आयुक्त पांडेय ने कहा कि निगम भिलाई से जो हितग्राही/परिवार नल कनेक्शन लिए है, उनको जलकर जमा करना अनिवार्य है। जलकर की वसूली में कमी को देखते हुये एजेंसी नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। संबंधित कार्य का निविदा किया जाना है। जलकर जमा नहीं करने वालो पर कार्रवाई करें। शहर में 50 माईक्रोन से नीचे पालीथीन ब्रिकी/इस्तेमाल करने वालो के खिलाफ कार्यवाही किया जाना है। निगम क्षेत्र में 12548 लीज होल्डर्स है, जिसका जोनवार सूचीबद्ध कर मानिटरिंग करना है। राजस्व की जमीन के साथ नजूल की जमीन को सुरक्षित करना है, जोनवार सूचीबद्ध रहे।



**तालाबों का हो सीमांकन :** आयुक्त पांडेय ने कहा कि तालाबों का सीमांकन प्राथमिकता से किया जाये, जिससे अवैध कब्जा या अतिक्रमण हटाया जा सके। निगम में संचालित वाहनो का किराया निर्धारण की प्रक्रिया को तत्काल किया जाना है, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो।

### नशे के खिलाफ मुहिम

आयुक्त ने कहा कि नशे के खिलाफ मुहिम अंतर्गत अंधेरे स्थलों को प्रकाशित करना है, जिससे असमाजिक तत्व एवं गलत लत में लिप्त लोगो को नियंत्रित किया जा सके साथ ही चिन्हांकित स्थलो का पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया जाना है। रोड, नाली के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने एवं कंडम वाहन रख सड़क बाधिक करने वालो पर कार्यवाही करना है। 70 वर्ष से उपर के वरिष्ठ नागरिको को लाभ दिलाने आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण अविलंब पूरा करना है।

## खबर संक्षेप

### मॉल के स्पा सेंटर में दबिश

**भिलाई।** पुलिस ने सूर्या मॉल पर स्थित स्पा सेंटर में दबिश देकर कार्रवाई किया है। 7 स्पा और ब्यूटी सैलून में दबिश देकर स्पा व ब्यूटी सेलून में कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अवकाश के दिन भी न्यू एलोरा स्पा, रॉयल रिलेक्सिंग स्पा, द फाइनिंग स्पा, द राइजिंग स्पा, कृतिमा स्पा एंड ब्यूटी, संजू स्पा एंड ब्यूटी और दिशा स्पा एंड ब्यूटी खुले मिले। इससे पहले भी पुलिस ने इन सेंटरों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी थी। चेकिंग के दौरान न केवल ये स्पा खुले पाए गए, बल्कि संचालिकाओं ने पुलिस टीम और साक्षियों से विवाद भी किया। लोगों के बीच अशांति का माहौल बना। पुलिस ने सभी संचालिकाओं को गिरफ्तार कर सुपेला पुलिस ने अपराध कायम किया है। इनके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126 और 135 के तहत कार्रवाई की। एएसपी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### अंडर 14 और 19 क्रिकेट टीम चयन का पंजीयन शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आगामी क्रिकेट सत्र 2026.27 के लिए अंडर14 और अंडर.19 क्रिकेट टीमों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इन टीमों को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधत्वि करने का अवसर प्राप्त होगा। पंजीयन की प्रक्रिया 22 व 23 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इसमें संयंत्र के कर्मचारियों के बच्चे ,भिलाई परिधीय क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे।

## सभी अनुभागों में नहीं हैं कैंटीन, मैन्यू के अनुरूप नहीं मिलता नाश्ता

# कर्मियों के लिए सालभर बाद भी नहीं काफी हाउस, अफसरों के लिए वर्षों से

### बीएसपी में यूनियनों ने की जल्द योजना पर अमल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के लिए दो काफी हाउस खोले जाने की योजना पर सालभर बाद भी अमल नहीं किया गया है। इससे कर्मियों को चाय नाश्ते के लिए भटकना पड़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द काफी हाउस निर्माण कि जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के लिए मेन गेट के निकट इस्पात भवन में काफी हाउस है। इससे अधिकारियों को चाय ब्रेक फास्ट के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। उन्हें स्वादिस्ट नाश्ता मिलने के के साथ वक्त भी बचता है। लेकिन कर्मचारियों के लिए प्लांट में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। लेकिन हजारों कर्मचारियों के लिए इस तरह की कोई सुविधा प्लांट में नहीं है। वे पिछले कई साल से चाय नाश्ते के लिए कैंटीनों पर निर्भर हैं। इसके चलते उन्हें असुविधा हो रही है। कर्मियों की परेशानियो को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ द्वारा करीब साल भर पूर्व बीएसपी प्रबंधन से कर्मचारियों के चाय नाश्ते की सुविधा के लिए बीएसपी में दो काफी हाउस निर्माण किए जाने की मांग गई की थी। यूनियन के मुताबिक प्लांट में कई अनुभागों में कैंटीन नही हैं और कुछ दूर हैं। कैंटीनों में हर समय नाश्ता भी नहीं मिलता है। इसे देखते हुए सीजीएम से दो काफी हाउस निर्माण की मांग की गई थी,जिस पर जल्द सुविधा उपलब्ध कराने कहा गया था।



### नाइट शिफ्ट में परेशानी

बीएसपी में नाइट शिफ्ट करने वाले कर्मचारियों को चाय,काफी या नाश्ते के लिए भटकना पड़ता है। इसकी वजह अधिकतर कैंटीनें बंद हो जाती हैं या फिर सभी प्रकार का नाश्ता नहीं मिलता है। कर्मियों ने बताया कि कुछ कैंटीनें तो शाम को ही सिमटने लगती हैं। चाय के लिए भी बहुत रिक्वेस्ट करने पर मुश्किल से बनाते हैं।

### कैंटीनों को भी करें अपडेट

बीएसपी में कर्मियों के चाय नाश्ते की सुविधा के लिए संचालित की जा रहीं कैंटीनों को भी अपडेट किए जाने की मांग यूनियनें पिछले लंबे समय से कर रही हैं। बीएसपी वर्कर्स यूनियन बीडब्ल्यूयू के उज्जवल दत्ता ने बताया कि बीएसपी में 12 हजार कर्मचारी और बीस हजार से अधिक ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन कैंटीनों में मैन्यू के अनुरुप नाश्ते की उपलब्धता नहीं होने के अलावा व्यवस्थित रुप से बैठने, कूलर व सफाई आदिक की समस्या बनी हुई है। कैंटीनों में कई बार सुधार की मांग प्रबंधन से की जा चुकी है।

## जामुल पालिका में हंगामा करने वाले के खिलाफ एफआईआर

**भिलाई।** विकास कार्य और समस्या को लेकर पालिका जामुल पहुंचे भीड़ ने जमकर हंगामा किया है। हंगामा करने के मामले में दो के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जामुल निवासी रश्मि वर्मा, संजय साहू द्वारा पालिका में भीड़ लाकर हंगामा कर रहे थे। 19 अगस्त को नपा कार्यालय जामुल में ये दोनों पहुंचकर उप-अभियंता सचिन भागवत के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज किया। अधिकारी से मारपीट करने तक की धमकी दी। जिससे पालिका में कार्यरत अधिकारियो एवं कर्मचारियो में भय व्याप्त हो गया। जिस पर 20 अगस्त को उप-अभियंता द्वारा लिखित में शिकायत पत्र सीएमओ को दिया गया। नगर पालिका प्रशासन ने पालिका कार्यालय जामुल हंगामा करने वाले रश्मि वर्मा, संजय साहू के खिलाफ जामुल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 221, 296, 351(3) के तहत कार्रवाई किया है।

## भिलाई स्टील प्लांट में टला बड़ा हादसा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आज फिर एक हादसा टल गया। देश शाम कोकओवंस बैटरी विभाग गाइड कार का नीचे का हिस्टा टूटकर नीचे गिर गया। करीबन 7 बजे गियर बाक्स संरचना का यह लोहे का हिस्सा बी शिफ्ट में बकेट कार -1 के आपरेटर केबिन पर गिरा। इससे बकेट कार11 सीओ और सीसीडी बाल बाल बच गए। कोई जनहानि नहीं हुई।



## जगदंबा मंदिर में चोरी, चोर का मन डोला तो माता का मुकुट छोड़ भागा



**भिलाई।** ताला तोड़कर मंदिर के आलमारी में चोरी किया गया। इसके अलावा माता के सिर पर पहने सोने की मुकुट को भी चोरी का प्रयास किया गया है। लेकिन चोर ने मुकुट को चोरी न कर जमीन पर रख कर फरार हो गया।

खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 7 स्थित मां जगदम्बा मंदिर से कैश लेकर चोर फरार हो गया। जबकि सोने के मुकुट को छोड़ गया है। मंदिर का सीसी कैमरा एक खराब है चोरों की हरकत उसमें कैद नहीं हो पाई है। अज्ञात ने ताला तोड़कर मंदिर का सारा सामान जमीन पर बिखेर दिया था। सुबह चौकीदार का फोन पंडित को गया उसके बाद दौड़ते भागते हुए मंदिर पहुंचे। जब तक चोर सारा सामान लेकर फरार हो गया था। कैश गायब करीब 70 हजार गायब है। मामले में पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में जुटी हुई है।

## युवक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कैम्प 2 छावनी निवासी डी. राहुल अपने दोस्त आसिफ शेख के साथ घासीदास नगर कॉपरेटिव के पास बातचीत कर रहा था। तभी रंजीश को लेकर घासीदास नगर निवासी ब्लॉक-आई क्वा. नं. 26 अटल आवास जामुल निवासी जावेद हुसैन, ब्लॉक-एच क्वा. नं. 29 अटल आवास जामुल मोहम्मद बाबूखान, ब्लॉक-एच क्वा. नं. 31 पी. ईश्वर उर्फ ईशु ने आसिफ शेख को तलवार, बेसबॉल, पाईप से हमला किया। तीनों आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने तलवार, बेसबॉल, पाईप जब्त किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अपमान

**भिलाई।** शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा का अपमान करने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश है। मिली जानकारी के मुताबिक आदिवासी समाज ने इसे देख पुरखों का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का अपमान बताते हुए कहा है कि दोषियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कर गिरफ्तारी की मांग की गई है।

आदिवासी मंडल भिलाई नगर ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई की जाए अन्यथा समाज आंदोलन करने बाध्य होगा। कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त से प्रतिमा स्थल का संधारण, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षा उपकरण लगाने की भी मांग की गई है।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान का आयोजन 25 को



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे विश्व में 25 अगस्त विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज और राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा 6000 से अधिक सेवा केंद्रों पर एक लाख यूनिट से अधिक रक्तदान का महाअभियान चलाकर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्यों ने बताया कि सभी ब्रह्मा वत्स शुद्ध सात्विक आहार लेते हैं तथा व्यसनमुक्त जीवन जीते हैं। इस प्रकार, ब्रह्माकुमारीज द्वारा प्रदत्त रक्त समाज में शुद्धता, सात्विकता एवं स्वास्थ्य का संदेश भी प्रसारित करेगा। इसी महाअभियान की श्रृंखला में भिलाई सेक्टर-7 स्थित राजयोग भवन एवं अंतर्दिशा भवन में सोमवार को सुबह 9 बजे से विशाल रक्तदान महाअभियान मेगा ब्लड डोनेशन कैंप शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण कराया है। इच्छुक व्यक्ति भी क्यूआर कोड अथवा गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर इस महान सेवा कार्य से जुड़ सकते हैं।भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने सभी भिलाई वासियों को वसुदेव कुटुंबकम की भावना से रक्तदान करने का आह्वान किया है। यह अभियान न केवल जीवन बचाने का प्रयास है बल्कि समाज में मानवता, बंधुत्व और निस्वार्थ सेवा की भावना को भी सशक्त करता है। रक्तदान महाअभियान राष्ट्रीय कार्यक्रम की अधिक जानकारी के लिए सेक्टर 7, सड़क 2 स्थित राजयोग भवन में भी संपर्क कर सकते हैं।

## एआई नवाचार के लिए अनुबंध, स्टूडेंट्स को मिलेगा डिजिटल प्लेटफार्म में प्रयोग का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और कॉग्निटिव स्प्रिट्स ने . (सीएस एआई लैब्स) ने एक साझेदारी की है। इससे भिलाई और छत्तीसगढ़ कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई, शिक्षा, शोध और नवाचार में अग्रणी केंद्र के रूप स्थापित होगा।

यह तीन-वर्षीय सहयोग अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजिस्ट और उद्यमियों को विकसित करने पर केंद्रित होगा, जिससे छात्रों और पेशेवरों को तेजी से बदलती वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए आवश्यक उन्नत कौशल मिल सकें। एआई, उद्यमिता, एसएपी और ओरेकल जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अत्याधुनिक प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान करके, दोनों संस्थान क्षेत्र में एक जीवंत प्रौद्योगिकी और शोध पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहे हैं। इससे स्थानीय प्रतिभाएं सशक्त होगी और शोध में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा।

### संयुक्त पहल केवल कक्षा तक सीमित नहीं

कार्यक्रम छात्रों को कृषि, खनन और स्वास्थ्य देखभाल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की वास्तरिक परियोजनाओं में शामिल करेंगे जो छत्तीसगढ़ की भविष्य की वृद्धि के लिए अहम हैं। यवहारिक शिक्षा पर जोर देते हुए, छात्रों को शोध, नवाचार चुनौतियों और सीएस एआई लैब्स के अग्रणी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलेगा।यह साझेदारी उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला माहौल तैयार करेगी, जिससे विश्वविद्यालय स्तर पर नए उपक्रमों का निर्माण और अभिनव समस्या समाधान संभव होगा।

### भविष्य-तैयार छत्तीसगढ़ की परिकल्पना

सीएस एआई लैब्स के संस्थापक डॉ. समीर रंजन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को सिर्फ आज की नौकरियों के लिए तैयार करने के लिए नहीं, बल्कि कल के समाधान खोजने के लिए है। एसएसपीयू में एआई, शोध और नवाचार संस्कृति को शामिल करके, हम एक ऐसी भविष्य-तैयार कार्यशक्ति की कल्पना करते हैं, जो राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर सके। एसएसपीयू के कुलपति डॉ एके झा ने कहा कि एमएसपीयू में हम शिक्षा को अभूतपूर्व विचारों और प्रभावशाली शोध का केंद्र बनाने वाली पहलों के लिए प्रतिबद्ध है। मीएस एआई नैब्स के साथ हमारा यह गठबंधन छत्तीसगढ़ को एआई-आधारित नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता : आईपी मिश्रा

एमएसपीयू के कुलाधिपति आई पी. मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि एसएसपीयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें अपने छात्रों और शिक्षकों की उपलब्धियों पर गर्व है, और हम विश्वस्तरीय शिक्षण बाताबरण उपलब्ध कराने के प्रयासों को और मजबूत करेंगे। अध्यक्ष जया मिश्रा ने कहा कि एसएमपीयू में हम केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि मूल्यों, नेतृत्व और नवाचार का भी पोषण करने में विश्वास रखते हैं। यह मान्यता हमारे उस दृष्टिकोण को और मजबूत करती है, जिसके तहत हम भविष्य-तैयार पेशेवर तैयार कर रहे हैं, जो समाज में सार्थक योगदान देंगे। एमएसपीयू की कॉरपोरेट रिलेशनशिप और ट्रेनिंग प्रमुख डॉ. मोनिका श्रीवास्तव ने कहा कि उद्योग सहयोग और कौशल-आधारित प्रशिक्षण एसएसपीयू के मिशन का केंद्र हैं। हम अकादमिक जगत और कॉरपोरेट आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटने के लिए समर्पित हैं।

### क्या है सीएस एआई लैब्स, जानिए

सीएस एआई लैब्स एक वैश्विक एआई शिक्षा और नवाचार मंच है, जो भारत, अमेरिका और उभरते बाजारों में कार्यरत है। यह विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों और शोध सहयोगों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

## संगीत संध्या में कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से जगाया जज्बा

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर महात्मा गाँधी कला मंदिर में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सौमिक डे विशेष अतिथि थे।



संयंत्र कर्मियों और अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं ने देशभक्ति गीत सुनाए। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं। संगीत समाज को जोड़ने

पेज 11 का शेष

### सामाजिक अंकेक्षण के ...

की सूची आईसीटी का प्रयोग रोचक गतिविधियों पर व सामाजिक अंकेक्षण के लिए पांच सदस्यी टीम गठन होने की जानकारी दी गयी। इनकी रही सहभागिता संकुल समन्वयक कौशल साहू संकुल मल्दा के सभी संस्था प्रमुख कुमार सिंह साहू, संतोष साहू, विष्णु साहू, राधेश्याम सिंह बैस, मनोज कुमार वर्मा, मनहरण वर्मा, जितेंद्र वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा परदेशीराम निषाद की सहभागिता रही। बैठक व प्रशिक्षण का संचालन प्रभारी प्राचार्य व संकुल प्रभारी श्याम कुमार तिवारी ने किया।

## अस्पताल की ऑनलाइन व्यवस्था हो दुरुस्त, सीटू ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 9 हास्पिटल में सीटू यूनियन ने हास्पिटल मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम को पूरी तरह से सुधारते हुए सभी काउंटर से आनलाइन और आफलाइन स्लिप द्वारा दवाई देने की व्यवस्था करने की मांग की है। यूनियन ने कार्यपालक निदेश को पत्र भेजकर बताया कि आनलाइन खामियां दूर करने विभाग सीएंडआईटी की ओर से अभी तक सिस्टम को दुरुस्त नहीं किए जाने से अस्पताल के कर्मी एवं मरीज दोनों परेशान हो रहे हैं।

सीटू ने कार्यपालक निदेशक को पत्र लिखकर सेक्टर 9 अस्पताल में ऑनलाइन दवा वितरण एवं एंट्री सिस्टम से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण की मांग की है। फार्मेसी में ऑनलाइन दवा वितरित करने का एक काउंटर था जिसे अब चार किया गया है एवं चार काउंटर ऑफलाइन दवाई वितरित कर रहे हैं मरीज अलग-अलग ओ पी डी में डाक्टर को दिखाने पर एक डाक्टर ऑनलाइन दवा लिखने एवं दूसरे डाक्टर ऑफलाइन स्लिप में दवा लिखने पर मरीज को अलग-अलग काउंटर में घंटों लाइन लगाना पड़ता है।इन्फार्मेशन सिस्टम दुरुस्त हो जाने से अस्पताल के विभिन्न विभागों और कार्यों को एक डिजिटल प्लेटफार्म में एकीकृत किया जा सकेगा, जिससे अस्पताल के कार्य प्रवाह को डिजिटल और सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ अस्पताल के भीतर दक्षता, सटीकता और संचार में व्यापक सुधार होगा।

## पारदर्शिता, निष्ठा और सेवा मेरी प्राथमिकता: गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने बुधवार को रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री पद ग्रहण किया। उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग का मंत्रालय दिया है। मंत्री बनने के बाद गजेंद्र यादव ने देर शाम अहिवारा पहुंचे।

जहां उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जो उन पर विश्वास जताया है, उसके लिए उनका और पार्टी हाईकमान का आभार। उन्होंने हरिभूमि के **प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी** का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा चुनाव को लेकर उनकी टिकट तय होने वाली थी, तब भी उन्होंने कहा था कि आपकी टिकट फाइनल है।



■ दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव को मिला स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्रालय

इसके बाद तीन दिन पहले ही उन्होंने खबर के माध्यम से बताया दिया था कि कैबिनेट का विस्तार होने जा रहा है। तीन नए चेहरे मंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग का मंत्रालय मिलने पर कहा कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बहुत से बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। मूलभूत सुविधाओं के साथ बच्चों का बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है। उन्होंने ग्रामोद्योग को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने में यह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि पारदर्शिता, निष्ठा और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करूंगा।

### पैतृक ग्राम पहुंचे और बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

गजेंद्र यादव देर शाम अपने पैतृक ग्राम अहिवारा पहुंचे, जहां उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला। बचपन के मित्रों से मिले। सामाजिक बंधुओं से चर्चा की। इस दौरान उनके पिता बिसरा राम यादव भी मौजूद थे। 21 अगस्त को गजेंद्र यादव दुर्ग में रहेंगे। जगह-जगह उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 कर्मियों के लिए सालभर बाद भी नहीं काफी हाउस, अफसरों ...



12 भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक का ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## नशे पर अंकुश के लिए ग्राम बदनार में जुर्माना लगाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शराब और नशे की मार झेल चुके बदनारा गांव ने आखिरकार खुद ही लगाम कस दी है। पंचायत की बैठक में ग्रामीणों ने मिलकर ऐसा लोकल कानून बना डाला, जो शराबियों और कोचियों की नींद उड़ा देगा। अब गांव में नशा करने या बेचने वालों पर सीधे जेब काटने वाला दंड ठोका जाएगा।

बैठक में तय किया गया कि यदि कोई व्यक्ति गांव में नशीले पदार्थों की बिक्री करता पकड़ा जाएगा तो उस पर पचास हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, अगर कोई सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते या नशे में असंयमित व्यवहार करते पाया गया तो उसे बीस हजार रुपए की सजा भुगतनी होगी। दुकानदारों के लिए भी पंचायत ने सख्त नियम बनाए हैं। यदि कोई दुकानदार दुकान में नशाखोरी कराता पकड़ा गया तो उसे दस हजार रुपए का दंड भरना पड़ेगा। इसके अलावा, अगर दुकानदार खुले में डिस्पोजल या पानी पाउच बेचता है तो पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। जुआ खेलने वालों पर भी पंचायत ने नकेल कसी है। बैठक में यह भी तय हुआ कि गांव में यदि कोई जुआ खेलते पकड़ा जाएगा तो उसे दो हजार रुपए का दंड लगेगा। यहां तक कि शादी-ब्याह या छट्ठी जैसे आयोजनों में यदि सार्वजनिक नशाखोरी हुई तो जिम्मेदार लोगों पर बीस हजार रुपए का जुर्माना ठोका जाएगा।



### पंचायत और जनता का मिलाजुला डंडा

बैठक की अध्यक्षता सरपंच भूखनी जांगड़े ने की। ग्रामीणों ने कहा "अब सिर्फ भाषण नहीं, सीधा एक्शन होगा।" गांव वालों ने ठान लिया कि जो भी नियम तोड़ेगा, उस पर दंड लगेगा और वसूली भी होगी। महिलाओं ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि अब बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। बुजुर्गों का मानना है कि पंचायत का यह कदम गांव को नशामुक्ति की मिसाल बनाएगा।

### खबर संक्षेप

### डॉ. सौरभ निर्वाणी बने पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेश संयोजक



**बेमेतरा।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार बाला दास ने छत्तीसगढ़ के युवा धर्मप्रचारक डॉ. सौरभ निर्वाणी को छत्तीसगढ़ प्रदेश पुजारी पुरोहित संघ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के साथ, डॉ. निर्वाणी को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा का राज्य प्रभारी भी बनाया गया है। अब वे इन तीनों राज्यों में भी संगठन के विस्तार और कार्यों की देखरेख करेंगे। डॉ. निर्वाणी ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संतों के आशीर्वाद से समाज और सनातन परंपरा की सेवा करने का संकल्प लिया। उनकी नियुक्ति पर महंत नरेंद्र दास (निर्मोही अखाड़ा), महंत हरिशंकर दास और वैष्णवाचार्य कार्तिक गोस्वामी सहित अनेक संतों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### अखंड रामधुनी स्पर्धा का शुभारंभ 26 से

**बेमेतरा।** बेमेतरा के ग्राम पचभैया में 26 और 27 अगस्त को 24 घंटे की श्री सीताराम अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा है। इस प्रतियोगिता में भजन मंडलियाँ विभिन्न शैलियों में सीताराम के भजन और झांकी प्रस्तुत करेंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 8,001 रुपये, तृतीय पुरस्कार, 6,001 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 5,001 रुपये, पंचम पुरस्कार 4,000 रुपये इसके अलावा, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक टोली को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक शील्ड भी प्रदान की जाएगी।

### चिखली में रामनाम सप्ताह कल से

**राजनांदगांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चिखली वार्ड क्रमांक 5 ठाकुरदेव चौक में पोला पर्व के उपलक्ष्य में 23 एवं 24 अगस्त को रामनाम सप्ताह का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें निःशुल्क प्रवेश एवं प्रथम पुरस्कार के रूप में चार हजार रुपए की राशि तय की गई है।

विडंबना : गांव की गलियों और मोहल्लों में पाइपलाइन का हुआ विस्तार लेकिन पानी की एक बूंद नहीं आई

## चार साल बाद भी अधूरा है नल जल योजना का काम, संडी में पानी की टंकी बनी शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, साजा के अंतर्गत आने वाले बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत संडी में नल जल योजना की स्थिति बेहद निराशाजनक है। चार साल पहले शुरू हुआ पानी की टंकी का निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीण स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। यह योजना, जो ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा साबित होनी थी, अब सिर्फ एक दिखावा बनकर रह गई है।

ग्राम संडी में नल जल योजना की बदहाली साफ देखी जा सकती है। गांव की गलियों और मोहल्लों में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन आज तक उसमें पानी की एक बूंद भी नहीं आई। ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के चलते गांव की सड़कों और चौराहों का हाल बेहाल है। खुदाई के बाद सड़कों को वैसे ही छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति के लिए स्थानीय लोग ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित विभाग, पीएचई साजा और बेमेतरा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### सिर्फ कागजों पर पूरी हुई योजना?

यह समस्या केवल संडी गांव तक सीमित नहीं है। बेरला ब्लॉक के कई अन्य गांवों से भी पानी की आपूर्ति न होने की शिकायतें आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार सिर्फ पानी की टंकी लगाने, पाइपलाइन बिछाने, तस्वीरें खींचने और आधार कार्ड की कॉपी लेने में ही दिलचस्पी दिखाते हैं। जल आपूर्ति शुरू करने पर उनका कोई ध्यान नहीं है। अधूरे निर्माण कार्य के कारण पूरे गांव में पानी की भारी किल्लत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर गांव में पुराने हैंडपंप और बोरिंग नहीं होते, तो वे आज प्यासे होते। टंकी और पाइपलाइन बिछ जाने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, जो शासन के दावों पर सवाल खड़ा करता है।



### सरपंच ने जताई नाराजगी

ग्राम पंचायत संडी के सरपंच सेवाराम साहू ने भी इस समस्या पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि गांव में बन रही नल जल योजना की टंकी का निर्माण चार साल बीत जाने के बाद भी अधूरा है। उन्होंने ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी को ग्रामीणों की परेशानी का मुख्य कारण बताया। सरपंच ने कहा कि /"गलियों का हाल-बेहाल कर दिया गया है।

### मीठा पानी आज भी सपना

ग्राम संडी के लोग चार साल से मीठे पानी के लिए तरस रहे हैं। सरकार ने जिस नल जल योजना को हर घर तक स्वच्छ पानी पहुँचाने के लिए शुरू किया था, वह यहाँ अपनी क्षमता और निर्देशों के अनुरूप काम नहीं कर पा रही है। ग्रामीणों की यह मजबूरी और निराशा प्रशासन की सुस्ती का नतीजा है। अब यह देखना बाकी है कि संबंधित विभाग कब इस समस्या पर ध्यान देता है और कब ग्रामीणों को उनके हक का पानी मिल पाता है।

## कोहड़िया में स्टील प्लांट के लिए हुई जनसुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम पंचायत कोहड़यिा में प्रस्तावित व्रजेश स्टील प्लांट प्रा. लि. स्पंज आयरन की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए गुरुवार को जनसुनवाई हुई। इसमें 5 हजार से ज्यादा लोग जुटे।

इस दौरान भाजपा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, किसान नेता योगेश तिवारी, कोहड़यिा सरपंच रोहित शिवारे, कंडरका सरपंच रोहित कुमार यदु, गुधेली सरपंच सीमा निषाद, बोरसी सरपंच हेमंत वर्मा सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखीं।

### आपत्तियां रिकार्ड कर रहे

पर्यावरण संरक्षक अधिकारी अनीता सावंत ने कहा कि आपत्तियां रिकॉर्ड की जा रही हैं। ग्राम पंचायत और ग्रामसभा से एनओसी मिलेगी, तभी कंपनी खुलेगी। बेरला एसडीएम दीप्ति वर्मा ने साफ किया कि यह केवल पर्यावरणीय सहमति की प्रक्रिया है। अंतिम निर्णय मंत्रालय करेगा।

## गवर्नमेंट एम्प्लाइज एसोसिएशन ने डीईओ से की मुलाकात



**बेमेतरा।** गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी गैंदराम चतुर्वेदी से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष खेमसिंह बारले ने जिले में शिक्षकों की लंबित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए जहां चर्चा की। जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र कराने का मांग रखी। जिस पर डीईओ द्वारा अतिशीघ्र बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया गया । भेंट मुलाकात करने वालों में संगठन से चेतन कुमार चतुर्वेदी, प्रशांत माथुर, मूलचंद बंजारे, जितेन्द्र बघेल, घनश्याम घृतलहरे, मुकेश भार्गव,बसंत घोष, दौलतराम टंडन,गंगाधर कुलकर्णी, भूपेन्द्र मांडले सहित अन्य उपस्थित रहे।

- शिक्षकों की लंबित समस्याओं के संबंध में की चर्चा

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना पर हुए विविध कार्यक्रम

## जीवन में सही समय पर लिया गया निर्णय ही सफलता की कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रजत जयंती वर्ष 2025 के प्रस्तावित गतिविधियों के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुसमी परियोजना-बेरला में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए साइबर जागरुकता सत्र, कैरियर काउंसलिंग, निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं को बताया गया कि जीवन में सही समय पर लिया गया निर्णय ही सफलता की कुंजी है, इसलिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया । निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान जया साहू, द्वितीय लीना धीवर, तृतीय अनामिका साहू को प्राप्त हुआ । रंगोली प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान झलक व टिकेश्वरी, द्वितीय हेमा व दामिनी, तृतीय तीर्थ निषाद व कनक। चित्रकला प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान द्विष्टि ध्रुव, द्वितीय यमुना सेवक, तृतीय रिद्दि।वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे विजेता एवं उपविजेता टीम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**25 वर्षों की उपलब्धियां और जागरुकता सत्र:** इस अवसर पर छात्राओं को राज्य की पिछले 25 वर्षों की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी, स्वास्थ्य एवं पोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकार, साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, माहवारी स्वच्छता, सोशल मीडिया पर सावधानियां, गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण संबंधी प्रावधान, चाइल्ड लाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डॉ. विद्यानंद बोरकर, प्राचार्य ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य डॉ. के. दास, सेक्टर सुपरवाइजर, मिशन शक्ति हब से जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा, जेंडर विशेषज्ञ तमन्ना और सेवन्तिका, सखी वन स्टॉप सेंटर प्रशासक राखी यादव, चाइल्ड लाइन से आशीष जायसवाल, व्यायाम शिक्षक भूपेन्द्र वैष्णव, आत्मरक्षा प्रशिक्षक भानुप्रसाद साहू सहित विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सीएससी संचालकों द्वारा श्रमिकों से अधिक शुल्क वसूली पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रम विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि श्रमिकों से पंजीयन एवं योजना आवेदन के लिए कॉमन सर्विस सेंटर संचालक केवल निर्धारित शुल्क ही वसूल करें। हाल ही में प्राप्त शिकायतों के आधार पर पाया गया कि कुछ सीएससी संचालक 1000 से 1500 रुपये तक वसूल रहे हैं, जबकि मंडल द्वारा अधिकतम 20 से 30 रुपये शुल्क निर्धारित है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी सीएससी संचालकों को पंजीयन/योजना के लिए निर्धारित शुल्क की सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित करनी होगी।

श्रमिकों से केवल निर्धारित शुल्क ही लिया जाए, अधिक शुल्क लेने पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह समय-समय पर मंडल स्तर से निगरानी की जाएगी। शिकायत मिलने पर संबंधित सीएससी संचालक पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी। जिला स्तर पर कलेक्टर महोदय के संज्ञान में मामला लाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सीएससी संचालकों एवं ई-डिसट्रिक्ट मैनेजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। पोर्टल पर दर्ज पंजीयन एवं आवेदन की स्वीकृति/निरस्तीकरण की जानकारी भी रेंडम आधार पर जांची जाएगी। पंजीयन एवं योजना आवेदन की स्थिति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा। श्रमिकों/हितग्राहियों को "श्रमेव जयते" मोबाइल एप के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

सभी श्रम कार्यालयों एवं श्रम संस्थानों से श्रमिकों को ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। श्रमायुक्त कार्यालय ने साफ किया है कि श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तय सीमा से अधिक शुल्क लेने वाले सीएससी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिपं अध्यक्ष ने की समीक्षा

## किसानों की समस्याओं का तत्काल करें समाधान : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की खराब आपूर्ति, कम वोल्टेज, ट्रांसफार्मर की कमी और खराबी और किसानों को अटल ज्योति योजना से पर्याप्त बिजली न मिलने जैसी समस्याओं को उठाया गया। श्रीमती तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सिंचाई में आ रही बाधाओं को तुरंत दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा समय पर होना चाहिए। उन्होंने ग्राम झिरिया में ट्रांसफार्मर खराब होने से सूख रही धान की फसल का तुरंत संज्ञान लिया और कार्यपालन अभियंता को एक सप्ताह के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। इसी तरह, उन्होंने ग्राम भिलौरी, खुड़मुड़ी और बेरलाकला में बिजली की समस्या पर भी जल्द से जल्द कार्रवाई करने को कहा।



### नए सब-स्टेशन को मिली मंजूरी

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि ग्राम मोहरेंगा, जेवरा, एरमशाही, कटई, जांता, गुनरबोड़, बिटकुली और दाढ़ी सहित कई गांवों में नए सब-स्टेशन को मंजूरी मिल गई है। शासन से फंड मिलते ही इन पर काम शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही, किसानों को आधार कार्ड और जमीन के दस्तावेज जमा करने पर बिजली के खंभे उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पानी और बिजली बचाओ की अपील

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों से ग्रामीण समुदाय में पानी और बिजली बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से भी अनुरोध किया कि वे अपनी बिजली संबंधी शिकायतें सीधे टोल फ्री नंबर 1912 या मोर बिजली ऐप के माध्यम से दर्ज कराएं, ताकि उनका जल्द समाधान हो सके। बैठक में संजय तिवारी, सरपंच संघ बेमेतरा के अध्यक्ष ताराचंद वर्मा, जितेंद्र साहू, ऋषि बन साहू और प्रियांशु सहित अन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

## सामाजिक अंकेक्षण के लिए संकुल प्रभारी ने दी प्रधानपाठकों को जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संकुल मल्दा विकासखंड नवागढ़ के संकुल प्राचार्य श्याम कुमार तिवारी ने संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों की बैठक रखी। बैठक में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025-26 के अंतर्गत विद्यालय में होने वाले सामाजिक अंकेक्षण पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रत्येक बिंदु में बच्चों के स्तर से लेकर विद्यालय प्रबंधन भौतिक संसाधनों पर सामाजिक अंकेक्षण पर बात रखी।





विद्यालय से सम्बंधित, शिक्षक से सम्बंधित अभिव्यक्ति कक्षा अनुरूप पाठ्य सामग्री मध्यान्ह भोजन, मुस्कान पुस्तकालय, बेगलेस डे, शिक्षक व्यवहार सम्बन्ध, लैंगिक संवेदनशीलता जादुई पिटारा, पियर लर्निंग इको क्लब शिक्षण में स्थानीय भाषा का उपयोग के बारे में बताया। प्राथमिक स्तर पर एससीईआरटी द्वारा दी जाने वाली एनइपी 2020 आधारित प्रशिक्षणों ▶▶| शेष पेज 10 पर

